शेर सवारी कर जगदम्बे आएगी

शेर सवारी कर जगदम्बे आएगी,
आकर मेरे सारे कष्ट मिटाएगी,
ओ मईयां आएगी कष्ट मिटाएगी।bd।

अष्ट भुजी माँ शेरा वाली,
करती है सब की रखवाली,
करती है सब की रखवाली,
तड़प नहीं बच्चों की माँ सह पाएगी,
आकर मेरे सारे कष्ट मिटाएगी।bd।

दयावान बड़ी भोली भाली,
भरती सब की झोली खाली,
भरती सब की झोली खाली,
देर नही मा पल की प्यारे लाएगी,
आकर मेरे सारे कष्ट मिटाएगी।bd।

और नहीं कोई दुजी आशा,
मै तो माँ के दर्श का प्यासा,
मै तो माँ के दर्श का पयासा,
मुझ को है विशवास माँ दर्श दिखाएगी,
आकर मेरे सारे कष्ट मिटाएगी।bd।

ऋषि मुनि योगी सनयासी,
कहते माँ घट घट की वासी,
कहते माँ घट घट की वासी,
सुरेन्द्र सिंह तेरा माँ ही साथ निभाएगी,
आकर मेरे सारे कष्ट मिटाएगी।bd।

शेर सवारी कर जगदम्बे आएगी,
आकर मेरे सारे कष्ट मिटाएगी,
ओ मईयां आएगी कष्ट मिटाएगी।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com